





## एक नजर में

### शिक्षा एवं पशु चिकित्सा विभाग के स्थापना लिपिकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने अपने विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की सर्विस बुक की डुप्लीकेट कॉपी संबंधित कर्मचारी को उपलब्ध कराई जाए । साथ ही कर्मचारियों के डीपीएफ अकाउंट से संबंधित जानकारी पासबुक के माध्यम से उन्हें नियमित रूप से अपडेट कर बताई जाए। उन्होंने चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से डीपीएफ कटौती की जानकारी देने वाली वार्षिक लेखा पर्ची उपलब्ध कराने के निर्देश भी सभी विभागों के जिला अधिकारियों को दिए गए हैं। संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला ने बताया कि पूर्व में कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा निर्देश दिए जाने के बावजूद भी पशु चिकित्सा विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को यह सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं हैं। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी खंडवा कार्यालय के सहायक ग्रेड-1 सुनील कोहाड़, तथा पशु चिकित्सा विभाग की स्थापना शाखा के सहायक ग्रेड-3 सुधीर बिल्लोरे के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिवस में जवाब चाहा गया है।

### हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग




**खंडवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद खण्डवा की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जावर द्वारा ग्राम गोहलारी में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत ग्राम में मुख्य मार्गों से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे स्कूली बच्चों एवम ग्रामीणों ने उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए देश भक्ति के नारे लगाए। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार, नवांकुर संस्था अध्यक्ष नारायण फरकले, सरपंच प्रतिनिधि कालू खांडे देवेन्द्र, शिक्षक धर्मेंद्र सिंह चावड़ा, जगदीश मालवीय, पंकज भुजन, संतोष अटुदे, आरती सोलंकी एवम प्रस्फुटन समिति के सदस्य मौजुद रहे।

### उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा होंगे जेसी सप्ताह में अतिथि



जेसीआई खण्डवा ने जेसी सप्ताह के लिए उप मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित

**खण्डवा।** जेसीआई खण्डवा द्वारा प्रतिवर्षानुसार 49 वे वर्ष में भी अध्यक्ष जेसी सुजाता मोरे, सचिव जेसी प्रिंस जिंदल व सेवा सप्ताह प्रभारी जेसी नागेश वालंजकर के नेतृत्व में दिनांक 9 सितंबर से 15 सितम्बर तक जेसी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के शुभारंभ समारोह में अतिथि आमंत्रण हेतु प्रतिनिधि मंडल के रूप में जेसीआई के वरिष्ठ जेसी रणवीरसिंह चावला, जेसी सप्ताह प्रभारी व पूर्व अध्यक्ष नागेश वालजकर, सचिव प्रिंस जिंदल, जेसी एल्युमिनी क्लब खण्डवा के अध्यक्ष हेमन्त मुंदड़ा व नारायण बाहेती भोपाल में मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मिले, उन्हें जेसीस खण्डवा के कार्यो से अवगत कराते हुए जेसी सप्ताह शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु आमंत्रित किया। श्री देवड़ा ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए 9 सितंबर को अपने आने की स्वीकृति प्रदान की।

### भादव मास की पहली सवारी निकली



**ओंकारेश्वर।** ओंकारजी महाराज सजी हुई पालकी में सवार होकर ढोल धमाकों के साथ नगर भ्रमण के लिए भक्तों के साथ निकले। अपराह्न 4 बजे मंदिर से पालकी में सवार होकर ओंकारजी महाराज कोटि तीर्थ घाट पर पहुंचे। विद्वान पंडितों द्वारा ओंकारजी महाराज की पंच मुखी रजत प्रतिमा का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर से एवं सुगंधित द्रव्यों से स्नान कराया, पवित्र नर्मदाजी के जल से वेद मंत्रों चार के साथ अभिषेक किया गया। गुलाब और गुलाल उड़ाकर महाआरती की गई। पुण्यशालीन नर्मदाजी में नौका विहार कराया गया। गौ मुख घाट पर भक्तों को दर्शन देकर ओंकार मठ घाट उतर कर मुख्य बाजार से वापिस मंदिर पहुंचे। मार्ग में गुलाल, गुलाब उड़ाया एवं कपूर आरती कर अभिवादन किया। भादव के दूसरे सोमवार को ओंकारजी महाराज ओंकार पर्वत घूमने जाएंगे।

### "मिशन अमृत संचय" के संबंध में सीए व टैक्स बार एसोसिएशन की बैठक आज

**खंडवा।** वर्षा के जल की एक एक बूंद से भूजल स्तर बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शुरू किये गये इस अमृत संचय अभियान को एक जन आंदोलन बनाये जाने की आवश्यकता है। इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता को शामिल करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 12 अगस्त मंगलवार अपरान्ह 4 बजे चार्टेड अकाउंटेंट एसोसिएशन तथा टैक्स बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागाजुन बी. गौड़ा ने बताया कि यह बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी।

### चोरी की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद

**खंडवा।** चोरों ने मंदिर को भी नहीं छोड़ा। जहां एक नकाबपोश चोर ने चांदी के छत्र, मूर्तियां, नगदी सहित चुराकर फरार हो गया। पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई। दरअसल, आनंद नगर स्थित खाटूश्याम मंदिर में रविवार सोमवार की दरमियानी रात करीब 1.30 एक नकाबपोश चोर सब्बल लेकर घुसा। चोर ने पहले मुख्य गेट का ताला तोड़ा, फिर पट खोलकर सीधे गर्भगृह तक पहुंचा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यह घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम ने शुरू की जांच घटना की सूचना मिलते ही मोघट रोड थाना क्षेत्र की रामेश्वर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। सुबह करीब 11 बजे चौकी प्रभारी सुभाष नावड़े ने मंदिर पहुंचकर सेवादारों से जानकारी ली और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। बाद में डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम को बुलाया गया, जिन्होंने रेलवे ट्रैक के किनारे सर्चिंग शुरू की।

# अंतरराज्यीय चोरों से उगलवाया 2 लाख का माल, पुलिस रिमांड मिला

नवभारत न्यूज

**खंडवा। पुलिस ने अंतरराज्यीय दो चोरों को गिरफ्तार किया है। मौका देखते ही ये किसी भी प्रदेश के, किसी भी जिले में चोरी करने से नहीं चूकते थे।**

इन पर मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के कई जिलों में प्रकरण दर्ज हैं। खंडवा के रामनगर में भी दो चोरियों का पर्दाफाश हुआ है। इनसे सोने चांदी के आभूषणों सहित 2 लाख रुपए का माल भी बरामद हुआ है।



### इनके घरों के टूटे थे ताले

चोरी गए सोने के आभूषण स्वप्निल पिता रमेश तिवारी रामनगर एवं शिवराम पिता छीतु अटोदे साईनगर रामनगर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट की थी कि उनके मकान के ताले तोडकर कोई चोर घर में रखे सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी चुराकर ले गए। दोनों फरियादियों की रिपोर्ट पर तफ्तीश की गई थी। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि इस तरह की वारदातों पर सख्ती की गई है। जो चोर पकड़ में आए हैं, वे खतरनाक प्रवृत्ति के हैं। मध्यप्रदेश के कई जिलों के अलावा महाराष्ट्र में भी धावा बोल चुके हैं। ऐसे मुजरिमों को पकड़ने से चोरियों पर लगाम लगेगी।

### ऐसे पहुंची पुलिस आरोपियों के गिरेबान तक

इन्हीं आधारों पर पुलिस की टीम आरोपियों के गिरेबान तक पहुंच गई। उन्हें कोतवाली थाने में घसीट लाई। पूछताछ हुई तो साधारण दिखने वाले दोनों आरोपी खतरनाक निकले।

### बैतूल व सिवनीमालवा के हैं आरोपी

गिरफ्तार आरोपी भूरे खान पिता नूर खान, उम्र 40 साल निवासी इन्दिरा कालोनी जिला बैतूल व गोकुल पिता रामधार केवट 50 साल निवासी भीलपुरा थाना सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम है।

### सोने की अंगूठियां व चैन मिलीं

जप्त सम्मान में चार नग सोने की अंगूठी, एक सोने की चैन एवं घटना के लिए प्रयुक्त एक पल्सर मोटर सायकिल तथा वारदात में इस्तेमाल एक लोहे की टामी, एक लोहे का पेचकश, ग्लब्स एवं टार्च जप्त किया गया। कुल कीमत लगभग 02 लाख रूपए है।

### जंबो टीम ने की मेहनत

टीम में अशोक सिंह चौहान थाना प्रभारी कोतवाली खण्डवा, चौकी प्रभारी रामनगर सउनि. नन्दराम वासुरे, प्रधान आरक्षक रफीक खान व प्रधान आर लतेश पाल सिह तोमर, प्रधान आर. अमर प्रजापति, प्र आर विक्रम वर्मा एवं आरक्षक राहुल परमार तथा सायबर सेल खण्डवा ने चौकी रामनगर की दोनो चोरी में घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्य खोज निकाले। मुखबिर की सूचना भी कामयाबी के नतीजे पर पहुंची।

### यहां भी कीं दर्जनों चोरियां

इनके कब्जे से चोरी गया सामान भी जप्त किया गया। आरोपियों के विरूध्द पूर्व से थाना गंज बैतूल, थाना कोतवाली बैतूल, थाना इटारसी थाना बनखेडी होशगांबाद, थाना सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम, थाना मोर्शी अमरावती महाराष्ट्र, थाना बदनेरा अमरावती महाराष्ट्र, अकोला महाराष्ट्र मे चोरी के प्रकरण दर्ज है। दोनों मामलों में अभी बाकी सामान जप्त करने हेतु दोनों आरोपियों को 11 अगस्त को न्यायालय पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है।

# "हर घर तिरंगा" अभियान संबंधी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित करें

नवभारत न्यूज

**खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि 卐हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान卐 के तहत आगामी 15 अगस्त तक ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रतिदिन नियमित रूप से गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में वाहन रैली, प्रभात फेरी, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, रंगोली व निबंध प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।**



कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए की जिले के सभी मंडी प्रांगणों में बने टीन शेड तथा निजी एवं शासकीय वेयरहाउस की छतों पर अगले एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लग जाएं। सभी एसडीएम इस कार्य को प्राथमिकता से देखें।

उन्होंने इस संबंध में लापरवाही बरते जाने पर वेयरहाउस कॉरपोरेशन के जिला प्रबंधक तथा पन्धाना के मंडी सचिव के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संचालित निर्माण कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिए गए लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत करने के उद्देश्य से आवास मेले इस माह सभी नगरीय निकायों में आयोजित किए जाएं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के इंजीनियर को ग्रामीण क्षेत्र में संचालित सभी शासकीय निर्माण कार्यों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के संबंध में भी निर्देश कार्यपालन यंत्री को दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला चिकित्सालय परिसर में स्थान चिन्हित कर डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के लिए एफ टाइप एवं जी टाइप शासकीय आवास निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भिजवाने के लिए भी कहा।

कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिन अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाना है उनकी सूची मंगलवार शाम तक हरहाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तक पहुंचा दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग से केवल दो-दो उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों के नाम ही भेजें। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दें और अपने-अपने विभाग की रैंक सुधारें।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के आर बडोले एवं अरविंद चौहान, एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति सहायक कलेक्टर डॉ. कृष्णा सुशीर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी मौजूद थे।

## निगमों में अविश्वास प्रस्ताव पर संशोधन कर लोकतंत्र की हत्या कर रही प्रदेश सरकार: अरुण यादव

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री अरुण यादव ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह केंद्र की मोदी सरकार ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों में वोट चोरी कर लोकतंत्र की नींव को हिला डाली। उसी तरह मध्यप्रदेश की सरकार अब नगर पालिका अधिनियम 1961 में संशोधन कर निकाय स्तर पर लोकतंत्र की हत्या करने पर आमादा है।**

उन्होंने कहा कि धारा 43 (क) और 43 (ए) निर्वाचित पार्षदों को यह अधिकार देती हैं कि वे महापौर और अध्यक्ष की तानाशाही और मनमानी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकें। यह प्रावधान लोकतंत्र के लिए 卐सुरक्षा कवच卐 है। लेकिन भाजपा सरकार बार-बार संशोधन करके इस कवच को कमजोर कर रही है।

### लोकतंत्र की सीधे हत्या

जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि लोकतंत्र पर सीधा प्रहार कर सालभर पहले सरकार ने धारा 43(क) में संशोधन कर अविश्वास प्रस्ताव लाने की न्यूनतम अवधि 6 महीने से बढ़ाकर 1 साल कर दी। अब इसे साढ़े चार साल करने का प्रस्ताव है। यानी लगभग पूरे कार्यकाल में जनता की नाराज़गी बेअसर कर दी गई है।

### जनता का गुस्सा दबाने की कोशिश

धारा 43(ए) के तहत अविश्वास पारित होने के बाद केवल 6 माह का कार्यकाल देने का प्रावधान जवाबदेही को मज़ाक बना देता है। यह सब भाजपा के भीतर के असंतोष और जनता के गुस्से को दबाने की सोची-समझी चाल है।



### ज्यादातर महापौर भाजपा के

अरुण यादव ने कहा कि प्रदेश के 16 नगर निगम, 98 नगरपालिका और 264 नगर परिषदों में 80 प्रतिशत महापौर और अध्यक्ष भाजपा या उसके समर्थित हैं। इनकी कार्यशैली से कांग्रेस ही नहीं, भाजपा के निर्वाचित पार्षद भी असंतुष्ट हैं। 卐नगरीय प्रशासन और आवास विभाग की योजनाओं में जमीनी स्तर पर खुला भ्रष्टाचार हो रहा है। जनता के प्रतिनिधि इसका विरोध न कर पाएं, इसलिए भाजपा सरकार अविश्वास प्रस्ताव की धाराओं को पंगु बना रही है।

### पार्षदों को कम क्यों आंक रही सरकार?

अरुण यादव ने कहा कि पार्षद लोकतंत्र का सबसे अहम हिस्सा हैं, क्योंकि वे सीधे जनता से चुने जाते हैं और जमीनी स्तर पर जवाबदेही तय करते हैं। धारा 43(क) और 43(ए) पर हमला, जनता की आवाज़ पर हमला है। यह सिर्फ अधिकारों की छीना-झपटी नहीं, बल्कि लोकतंत्र की हत्या है। श्री यादव ने आगे कहा कि प्रदेशभर के पार्षदों का वृहद सम्मेलन बुलाया जाएगा, आवश्यकता पड़ने पर हाई कोर्ट में याचिका दायर होगी, जनता और चुने हुए प्रतिनिधियों के अधिकार बचाने के लिए सड़क पर संघर्ष किया जाएगा।

## मरीज हमीदा और उसके परिजनों ने जिला अस्पताल प्रबंधन की सराहना की

नवभारत न्यूज

**खंडवा। बुरहानपुर निवासी हमीदा के पेट में गठान थी, और वह उसके कारण हमेशा पेट दर्द से परेशान रहती थी। पिछले दिनों हमीदा जिला अस्पताल खंडवा में भर्ती हुई और उसके गर्भाशय के पास स्थित लगभग 20 से.मी. आकार की गठान को ऑपरेशन कर सफलता पूर्वक निकाल दिया गया, जिससे अब हमीदा पूरी तरह स्वस्थ है। इसके लिए वह अस्पताल के डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना करती है और डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ का आभार व्यक्त करती है।**

उल्लेखनीय है कि बुरहानपुर निवासी हमीदा पति वसीम अख्तर उम्र 34 वर्ष जिला अस्पताल बुरहानपुर से रेफर होकर श्री दादाजी धूनीवाले जिला अस्पताल खंडवा में गत दिनों ओ.पी.डी. में आई, तो उसे डॉक्टर रसना ने भर्ती किया। उसके बाद डॉक्टर लक्ष्मी डुडवे स्त्री रोग विशेषज्ञ ने विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान सोनोग्राफी में पता चला कि हमीदा के गर्भाशय के पास लगभग 16 सेंटीमीटर की गठान है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर लक्ष्मी डुडवे एवं डॉक्टर निशा पंवार ने तत्काल आपातकालीन स्थिति में हमीदा के परिजनों को ऑपरेशन से गठान निकालने की सलाह दी। तुरंत सर्जन डॉक्टर रिंकू यादव से संपर्क किया गया। उनके सहयोग से निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. भारती, डॉक्टर कोमल छाबड़ा एवं पूरी टीम के सहयोग सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया।



डॉ. निशा पंवार ने बताया कि जब ऑपरेशन करने लगे तो उस दौरान पता चला कि गठान लगभग 20 सेंटीमीटर की है और गर्भाशय की हड्डी में पूरी तरह से फँसी हुई है। ऐसी स्थिति में महिला की जान बचाना डॉक्टर के लिए अत्यंत चुनौती पूर्ण कार्य था। मरीज की स्थिति गंभीर थी, लेकिन डॉक्टर्स की टीम की मेहनत से सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर गठान निकाल दी गई। हमीदा को एक यूनिट खून चढ़ाया गया तथा लगातार वेंटिलेटर पर रखकर पूरी टीम ने उसकी निगरानी की, जिससे हमीदा की स्थिति में सुधार होने लगा और धीरे-धीरे वह बिल्कुल सामान्य हो गई तथा अब जनरल वार्ड में भर्ती है।

हमीदा की सास रजिया ने बताया कि जब यहां पर बहू को लेकर आए थे उसको पेट में असहनीय दर्द हो रहा था, खून की कमी थी और स्थिति गंभीर थी। जिला अस्पताल खंडवा की डॉक्टरों की टीम ने मेरी बहू का समय पर अच्छा इलाज किया उसको खून की बोतल चढ़ाई जिसकी वजह से मेरी बहू की जान बची।

रजिया ने बताया कि डॉक्टर लक्ष्मी डूडवे, इमरजेंसी वार्ड की इंचार्ज अंजलि काजले, नर्सिंग ऑफिसर दीपिका, खतीजा एवं पूरी टीम की तत्परता और सूझबूझ से मेरी बहू की जान बच गई, जिससे अब वह बहुत खुश है। रजिया ने बताया कि "आयुष्मान भारत योजना" के तहत सभी सुविधाएं अस्पताल में निःशुल्क प्राप्त हुई, जिससे बिल्कुल खर्चा नहीं हुआ।

## खंडवा में 15 अगस्त को "स्वतंत्रता दिवस" समारोह में प्रभारी मंत्री श्री लोधी करेंगे ध्वजारोहण

**खंडवा।** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश अनुसार जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9 बजे से किया जाएगा। खंडवा के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री लोधी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों के नाम बधाई संदेश का वाचन भी किया जाएगा।

**कार्यशाला** भूजल संरक्षण हम सभी का दायित्व है, "मिशन अमृत संचय" को सफल बनायें

# "मिशन अमृत संचय" के तहत पंधाना की जल समितियों को दिया प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा। "मिशन अमृत संचय" के तहत गठित पंधाना विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के लिए गठित जल समितियों के सदस्यों को पंधाना के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यशाला में सोमवार को प्रशिक्षित किया गया।**

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि हम जितना पानी खर्च करते हैं, उतना पानी बचाने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। उन्होंने कहा कि जिले की हर पक्की छत से वर्षा का पानी भूजल संवर्धन के उपयोग में आए, यह अगले 30 जून से पूर्व हमें सुनिश्चित करना है। उन्होंने पंधाना क्षेत्र की जल समिति के सदस्यों को शामिल करते हुए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के लिए भी कहा, ताकि जल संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को उसमें शेयर किया जा सके और अधिकारियों द्वारा इस ग्रुप में "मिशन अमृत संचय" के संबंध में दिशा निर्देश पोस्ट किये जा सकें।

### वर्षा के पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए : कलेक्टर गुप्ता

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि अमृत संचय अभियान के तहत हमें जिले के सभी शासकीय व प्राइवेट भवनों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना है, ताकि वर्षा के पानी की एक-एक बूंद जमीन में समाकर भूजल स्तर को बढ़ाए। उन्होंने कहा कि 30 जून, 2026 तक प्रत्येक पक्की छत पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए "मिशन अमृत संचय" प्रारंभ किया गया है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौड़ा ने इस अवसर पर कहा कि मिशन अमृत संचय के तहत भूजल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य करने वाली पंचायतों, नगर निगम तथा नगर परिषद के वार्डों को चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विकासखंड से 5 सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों को, नगरीय निकायों से सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले वार्डों का चयन कर पुरस्कृत किया जाएगा।

भाजपा के प्रतिनिधि वीरेंद्र चोरे ने इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा "मिशन अमृत संचय" अभियान शुरू करने के लिए कलेक्टर श्री गुप्ता की सराहना की और कहा कि उनके भगीरथी प्रयासों से जिले के भूजल स्तर में निश्चित ही वृद्धि होगी।



इससे पूर्व मास्टर ट्रेनर्स के.बी. मंसारे, कुलदीप फरे, दीपक खले, प्रवीण खाकरे, दीपा अनमोले और राजेश बिल्लोरे द्वारा जल समिति के सदस्यों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूजल संरक्षण के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया तथा लघु नाटिका के माध्यम से पानी बचाने के लिए सभी को प्रेरित किया।

इसके अलावा जल समिति के सदस्यों को बोरी बंधान बनाने, डगवेल रिचार्ज बनाने, हैंड पंपों के आसपास सोखता गड्ढे बनाने, मेढ़ बंधान, नाला गहरीकरण कंटूर ट्रेंच जैसी जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण के संबंध में भी प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत पंधाना के सीईओ सुरेश टेमने ने किया।

इस कार्यक्रम में पंधाना विधायक छाया मोरे, जनपद अध्यक्ष सुमित्रा विजय काले, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, पंधाना एसडीएम दीक्षा भगोरे सहित अन्य मौजूद थे।